Roll No. .... Total Printed Pages - 5

F-3484

M.A. (Final) EXAMINATION, 2022

HINDI

Paper Tenth

(पत्रकारिता प्रशिक्षण)

Time : Three Hours] *[Maximum Marks:100*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. भारत में पत्रकारिता की विकास-यात्रा का परिचय दीजिए। **15**

अथवा

समाचार संकलन एवं समाचार-लेखन पर एक नातिदीर्घ निबंध लिखिए।

अथवा

''समाचार-पत्रों में शीर्षक का स्थान अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है''। इस कथन को स्पष्ट करते हुए शीर्षक के विविध प्रकारों को

सोदाहरण समझाइए।

2. ''किसी समाचार-पत्र के लिए जितना महत्त्व समाचार और सूचना का होता है उतना ही महत्त्व स्तम्भों का भी होता है।'' इस कथन की व्याख्या करते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के नियमित स्तम्भ का परिचय दीजिये। **15**

अथवा

'फीचर लेखन' क्या है? फीचर की विशेषताएँ बताते हुए फीचर-लेखन के विषयों का परिचय दीजिये।

3. समाचार पत्रों की पृष्ठ सज्जा के परिप्रेक्ष्य में डिजाइन (Design), मेकअप (Make-up) एवं ले-आउट (Layout) का परिचय देते हुए पृष्ठ सज्जा के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। **15**

अथवा

पत्रकारिता का प्रबंधन एवं प्रशासनिक व्यवस्था को स्पष्ट करते हुए बिक्री तथा वितरण-व्यवस्था का संक्षेप में परिचय दीजिये।

4. प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए विज्ञापनों की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए पाठक/श्रोता/दर्शक की दृष्टि से इसके औचित्य-अनौचित्य का विश्लेषण कीजिए। **15**

अथवा

प्रजातांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता के दायित्वों का परिचय देते हुए इसके महत्व को समझाइए।

5. टिप्पणी लिखिए **(कोई पाँच)** **5 × 4 =20**

(1) आमुख एवं लीड में अंतर

(2) फोटो पत्रकारिता

(3) इंटरनेट की पत्रकारिता

(4) प्रूफ-शोधन

(5) मुक्त प्रेस की अवधारणा

(6) प्रसार भारती

(7) खोजी पत्रकारिता

(8) अनुवर्तन (फालोअप)

(9) प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम

(10) समाचार संकलन

6. अति संक्षेप में उत्तर दीजिये : **(कोई बीस)** **प्रत्येक 1**

(1) 'समाचार सुधावर्षण' नामक दैनिक समाचार पत्र (रविवार छोड़कर) का प्रकाशन किस वर्ष आरंभ हुआ था?

(2) हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में पं. युगल किशोर शुक्ल का नाम क्यों महत्वपूर्ण है?

(3) 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन किस शहर से आरंभ हुआ था?

(4) महात्मा गाँधी द्वारा प्रकाशित किसी एक समाचार पत्र या पत्रिका का नाम लिखिए।

(5) 'द कॉमन मैन' (The Common Man) एवं 'यू सेड इट' (You Said it) नामक कार्टून के रचयिता का नाम लिखिए।

(6) हिंदी की सुप्रसिद्ध पत्रिका 'सरस्वती' का पहला अंक कब प्रकाशित हुआ?

(7) महावीर प्रसाद द्विवेदी के पश्चात् 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक का दायित्व, छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को सौंपा गया?

(8) 'प्रेस एवं पुस्तक पंजीयन अधिनियम' भारत में सर्वप्रथम कब बनाया गया?

(9) 'प्रेस कौंसिल ऑफ इंडिया' का गठन कब हुआ?

(10) 'प्रसार भारती' का गठन 1997 की किस तारीख को किया गया?

(11) भारत में इंटरनेट सेवाओं का आरंभ कब हुआ?

(12) मैसूर के महाराजा ने मैसूर राज्य की ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के लिए क्या नाम रखा था, जिसे स्वतंत्रता के पश्चात् भारत सरकार ने अपना लिया?

(13) भारत में टेलीविजन का आरंभ कब हुआ?

(14) भारत में रंगीन टेलीविजन का प्रसारण कब आरंभ हुआ?

(15) दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाला लोकप्रिय सोप ऑपेरा 'हम लोग' का प्रसारण कब आरंभ हुआ था?

(16) दानिश सिद्दीकी को फोटो पत्रकारिता के लिए कौन सा अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(17) 'रायटर्स' किस देश की समाचार एजेंसी है?

(18) 'जनसत्ता' के पहले संपादक का नाम लिखिए।

(19) धर्मवीर भारती ने किस साप्ताहिक पत्रिका का संपादन किया था?

(20) फोर्ट विलियम कॉलेज द्वारा भारत में छापाखाना (प्रिंटिंग प्रेस) किस शहर में स्थापित किया गया?

(21) 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस क्यों मनाया जाता है?

(22) 3 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस' (World Press Freedom Day) मनाने का निर्णय किसके द्वारा लिया गया?

(23) भारतीय कॉमिक्स पुस्तक के चरित्र 'चाचा चौधरी' की रचना किस कार्टूनिस्ट ने की थी?

(24) 'चंदामामा' एवं 'नंदन' पत्रिका किस वर्ग से संबंधित हैं?